कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड सरकार
कार्यालय– जिला कृषि पदाधिकारी, जमशेदपुर।

नियुक्ति विज्ञापन संख्या– 01/2026–27

मानदेय/पारिश्रमिक के आधार पर मानव बल फसल रक्षक की नियुक्ति

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादकता को बढ़ाने हेतु फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के कार्यान्वयन हेतु निर्गत सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0 03 दिनांक 23.05.2026, कृषि निदेशक, झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक 1909 दिनांक 23.04.2026 एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या 1617 दिनांक 17.03.2023 के आलोक में पूर्वी सिंहभूम जिला अन्तर्गत पौधा संरक्षण केन्द्र टाटानगर–01, घाटशिला–01, पोटका–01, मुसाबनी–01, चाकुलिया–01, बहरागोड़ा–01, धालभूमगढ़–01, पटमदा–01, डुमरिया–01 कुल– 09 (नौ) रिक्त कामदार पदों के विरूद्ध श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड द्वारा निर्धारित न्यूनतम पारिश्रमिक के आधार पर मानव बल फसल रक्षक की अस्थायी नियुक्ति हेतु आवेदन विहित प्रपत्र में आमंत्रित किये जाते है।

क0सं0	पदनाम	पद की प्रकृति	नियुक्ति अवधि	मासिक मानदेय
1.	फसल रक्षक	अस्थाई	11 माह (अथवा नियमित नियुक्ति होने तक, जो पहले हो)	11851.00 (ग्यारह हजार आठ सौ इक्यावन) रूपये मात्र

यह नियुक्ति मानदेय/पारिश्रमिक आधारित है। इसमें भविष्य में नियमित नियुक्ति, स्थायीकरण का दावा मान्य नहीं होगा एव नियमित सरकारी कर्मी के समान सेवा लाभ का कोई स्वतः अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

रिक्तियों का विवरणः–

क0सं0	कोटिवार रिक्ति			कुल रिक्ति
	अनारक्षित (UR)	अनुसूचित जनजाति (ST)	अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC)	
1.	05	03	01	09

नोटः– पदों का कोटिवार विवरण पूर्वी सिंहभूम जिला हेतु आदर्श आरक्षण रोस्टर के आधार पर है।

अनिवार्य योग्यताः–

1. मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से न्यूनतम मैट्रिक/ माध्यमिक परीक्षा (10th) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत कृषि अथवा उद्यान निदेशालय अंतर्गत न्यूनतम एक 5 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त होना अनिवार्य है।
3. पूर्वी सिंहभूम जिला हेतु अधिसूचित स्थानीय भाषा की जानकारी होना अनिवार्य है।
4. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत कृषि अथवा उद्यान निदेशालय अंतर्गत न्यूनतम 5 दिवसीय से अधिक अवधि के प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को तदनुसार प्राथमिकता दी जायेगी।
5. अभ्यर्थियों को साईकिल चलाना एवं पेड़ पर चढ़ना आना चाहिए।
6. नियुक्ति में पूर्वी सिंहभूम जिला अन्तर्गत संबंधित प्रखण्ड के स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी।

उम्रसीमाः– विज्ञापन की तिथि से न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष तथा अधिकतम उम्र सीमा वह होगी, जो विभिन्न श्रेणियों हेतु सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित हो।

नोटः– विज्ञापन से संबंधित आवेदन प्रपत्र पूर्वी सिंहभूम जिले के आधिकारिक वेबसाइट jamshedpur.nic.in एवं कार्यालय जिला कृषि पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। विहित प्रपत्र में आवेदन करने की तिथि 23.11.2026 से 12.12.2026 तक (निबंधित डाक/Seep Post से ही आवेदन स्वीकार किया जायेगा)। आवेदन करने का पताः– कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम (संयुक्त कृषि भवन, खासमहल, जमशेदपुर– 831002)

13/11/26

जिला कृषि पदाधिकारी,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।